

# बाणगंगा डबल डेकर ब्रिज पर बो स्ट्रींग गर्डर होगी लांच

▶ ब्रिज और मेट्रो रेल की सुरक्षा के लिए लगाई जा रही

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए द्वारा निर्माणाधीन बाणगंगा डबल डेकर ब्रिज पर बो स्ट्रींग गर्डर कल से लांच की जाएगी. उक्त बो स्ट्रींग गर्डर ब्रिज और मेट्रो रेल की सुरक्षा के लिए लगाई जा रही है. खास बात यह है कि उक्त बो स्ट्रींग गर्डर ब्रिज की लागत निर्माण ठेके में ही शामिल है.**

आईडीए द्वारा 147 करोड़ की लागत से बाणगंगा डबल डेकर ब्रिज बनाया जा रहा है. उक्त ब्रिज के पूरा होने की समय सीमा 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है. लव कुश चौराहे पर आईडीए बाणगंगा से उज्जैन रोड पर डेढ़ किलोमीटर लंबा ब्रिज बना रहा है. यह शहर का पहला डबल डेकर ब्रिज है, जिसमें नीचे से मेट्रो और मेट्रो के नीचे से आईडीए का एमआर 10 सड़क से सुपर कॉरिडोर जाने वाला ब्रिज है. उक्त पुल में मेट्रो की तर्ज पर गर्डर पर सेगमेंट डालने का काम किया जा जा रहा है. एक पिलर पर सेगमेंट डालने का काम हो चुका है. बताया जाता है कि एक किलोमीटर लंबे स्पॉन में सेगमेंट डाले जाएंगे. बाकी 485 मीटर लंबे दोनों तरफ पुल के सिरे जुड़ेंगे. डबल डेकर की ऊंचाई मैट्रो रेल से भी 7 मीटर ऊंची है. कुल ऊंचाई 23 मीटर यानी करीब 75 फीट है. इस ब्रिज में 40-40 मीटर के दो और 60 मीटर का स्टील गर्डर स्पॉन है. मेट्रो में 9 मीटर के सेगमेंट लगते है, लेकिन डबल डेकर ब्रिज में 27 मीटर चौड़े सेगमेन्ट लगा रहा है. उक्त डबल डेकर ब्रिज पर बो स्ट्रींग गर्डर कल से लांच की जाएगी. मेट्रो रेल लाइन के दोनों ओर बो स्ट्रींग गर्डर के लिए स्टैंड तैयार हो चुके है. उक्त बो स्ट्रींग गर्डर ब्रिज पर दो अलग अलग हिस्सों में 65 मीटर बाय 12 मीटर की लगेगी. गर्डर की कुल चौड़ाई 24 मीटर है.

**मार्च 2026 से आवागमन शुरू होने की संभावना**

आईडीए लवकुश चौराहे पर 24 मीटर चौड़ा 6 लेन ब्रिज का निर्माण कर रहा है. उक्त ब्रिज का निर्माण कार्य दिसंबर में पूरा होने की संभावना बताई गई थी, लेकिन अब आईडीए के सूत्रों के अनुसार डबल डेकर ब्रिज से आवागमन 2026 मार्च में शुरू होने की संभावना है. ब्रिज का निर्माण अहमदाबाद की विजय मिस्त्री कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है.

# तीन इमली चौराहे का विकास और लेफ्ट टर्न होगा चौड़ा

▶ खुली निजी जमीन पर गंदगी को लेकर भारी जुर्माने के निर्देश

▶ नगर निगम आयुक्त ने किया क्षेत्र का दौरा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज झोन 18 की विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने तीन इमली चौराहे का विकास और लेफ्ट टर्न चौड़ा करने के आदेश दिए. साथ ही खुली निजी जमीन पर गंदगी करने पर भारी जुर्माना लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए.**



आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सुबह झोन क्रमांक 18 के वार्ड 64 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान आयुक्त ने नवलखा चौराहा, तीन इमली चौराहा एवं आसपास की कालोनी का अवलोकन किया. उन्होंने तीन इमली चौराहे पर प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली. साथ ही यातायात व्यवस्था को लेकर नेमावर से इंदौर की ओर आने वाले तथा आईटी चौराहे की ओर जाने वाला लेफ्ट टर्न चौड़ा करने के निर्देश दिए.

आयुक्त यादव ने निरीक्षण के समय तीन इमली चौराहे पर एक निजी खुले परिसर में बस पार्किंग के दौरान गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने संबंधित के विरुद्ध हैवी स्पॉट फाइन किए जाने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार नहीं होने तथा गंदगी पाई जाने पर संबंधित परिसर को सील करने की कार्रवाई करें. इसके बाद तीन इमली श्मशान घाट के पास नाले की रिटेनिंग वॉल का कार्य जल्दी पूरा करने तथा श्मशान घाट की खाली भूमि पर से अवैध कब्जे को हटाकर पार्किंग बनाने के निर्देश भी दिए हैं. निरीक्षण के दौरान एमआईसी मनीष शर्मा मामा, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, झोनल अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

# दिन का तापमान 3 डिग्री गिरा और रात का 3 डिग्री बढ़ा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है. अब दिन का तापमान कम हो रहा है और रात के तापमान में बढ़ोतरी हो गई है. पिछले तीन दिनों से दिन का तापमान सामान्य से कम होता जा रहा है. आज दिन का तापमान 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है.**

आज दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री गिरकर 24.2 दर्ज किया गया. हालांकि पिछले एक सप्ताह से दिन का तापमान थोड़ा थोड़ा कम होता जा रहा है. वहीं इसके उलट रात के तापमान में वृद्धि होती जा रही है. कल रात का तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया है. यह बात अलग है कि पिछले 23 दिन से शहर में रात का तापमान सामान्य से कम होकर इकाई अंक पर ही चल रहा है. मौसम विभाग के अनुसार मौसम साफ होने के साथ दिन के तापमान में गिरावट जारी रह सकती है. एक वजह उत्तर की तरफ से आ रही हवाओं की गति कम होना बताया जा रहा है. अगले कुछ दिनों में शहर में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है और दिन का तापमान 20 डिग्री के अंदर आ सकता है. प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान खरगोन 28 डिग्री और सबसे कम तापमान राजगढ़ पचमढ़ी 4.2 दर्ज किया गया है.

# नगर निगम रिमूवल दस्ते ने तोड़ा अवैध निर्माण

▶ तालाब के पास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने आज पूर्वी रिंग रोड पर तलावली चांदा और गुलाब बाग कॉलोनी में रिमूवल की कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान एक निर्माणाधीन भवन तोड़ा और तलावली चांदा तालाब के पास अतिक्रमण कर बनाई दुकानें हटाने का समय दिया.**



नगर निगम द्वारा आज झोन 22 में तलवाली चंदा एवं गुलाब बाग कॉलोनी में रिमूवल कार्रवाई की गई. सुबह वार्ड 31 की गुलाब बाग कॉलोनी में 1000 वर्ग फीट पर बने जी प्लस वन मकान का अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई. इसके बाद वार्ड 35 में तलवली चांदा तालाब के पास अवैध रूप से बनाई गई दुकानों को हटाने की रिमूवल कार्रवाई के दौरान मालिक द्वारा अवैध निर्माण हटाने के लिए 5 दिन का समय मांगा गया. निगम ने भवन मालिक को समय देकर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए. कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, भवन अधिकारी विशाल राठौर, भवन निरीक्षक, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे.

# 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' नारे को लेकर 9वीं बार सिरमौर बनने की तैयारी शुरू

▶ स्मार्ट सिटी कार्यालय पर महापौर ने ली बैठक

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है. इस बार स्वच्छता के लिए 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' का नारा दिया गया है. महापौर और निगम आयुक्त की मौजूदगी में स्वच्छता की नई गाइड लाइन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में सभी अधिकारियों और पार्षदों को मैदान में उतरने के लिए भी कहा गया है.





स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर बैठक बुलाई. बैठक में निगम आयुक्त दिलीप यादव, एमआईसी के सभी सदस्य, विभागीय अधिकारी रोहित सिसोनिया और स्वच्छ भारत मिशन की टीम मौजूद थी. महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर लगातार आठ बार देश का सबसे स्वच्छ शहर बन चुका है. अब नौवीं बार नंबर-1 बनने का लक्ष्य है. इसके लिए स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बनाना होगा. खास बात यह है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर के साथ देपालपुर को भी स्वच्छता जोड़ी के रूप में शामिल किया गया है. इससे निगम की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। स्वच्छता सर्वेक्षण का यह 10वां संस्करण है. इस बार थीम रखी गई है- 'बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' इस प्रतियोगिता में देशभर के 4909 शहर इस सर्वेक्षण में भाग ले रहे हैं.

**सड़क पर पानी बहाने वालों पर हो कार्रवाई**-महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर पानी बहाने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि गंदगी न फैले. स्कूलों में बच्चों से संवाद कर स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाने पर जोर भी दिया जाए, क्योंकि वहीं से जागरूकता बढ़ेगी. महापौर ने निर्देश दिए कि मुख्य सड़कों पर खुदाई प्रस्तावित है, ऐसे कार्य दो माह में पूरा कर लिया जाए. शहर के रेड स्पॉट्स के लिए विशेष अभियान चलाने, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले डॉग वॉकर्स पर चालानी कार्रवाई और भवन निर्माण कार्यों में बायलॉज बना कर का सख्ती से पालन कराने के निर्देश भी दिए है.

**जनभागीदारी से ही मिलेगा नौवीं बार तमगा**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता की सफलता जनप्रतिनिधियों प्रशासन और नागरिकों की साझी जिम्मेदारी है. यदि सभी मिलकर तय दिशा में काम करें, तो इंदौर एक बार फिर देश को स्वच्छता का मॉडल बन कर दुनिया के पटल पर अपना नाम रोशन करेगा और नौवीं बार नंबर-1 बनने का गौरव हासिल करेगा.

## एक नजर में

### घुम्मन निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित



**इंदौर.** रोटेरियन सुखदेव सिंह घुम्मन रोटरी क्लब ऑफ इंदौर चोइथराम के संस्थापक सदस्य हैं, को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के वर्ष 2028-29 के लिए निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुना गया है. सुखदेव सिंह घुम्मन एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवी हैं और लंबे समय से रोटरी के माध्यम से जनकल्याण के कार्यों में जुड़े हुए हैं. उन्होंने अपने कार्यकाल में रोटरी के माध्यम से अनेक प्रभावी एवं जनसेवी परियोजनाओं को लागू करने की योजना बनाई है. सुखदेव सिंह घुम्मन ने डिस्ट्रिक्ट के 100 से अधिक रोटरी क्लबों से आह्वान किया है कि वे एकजुट होकर सहयोग करें, ताकि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 को सेवा, प्रभाव और नेतृत्व के क्षेत्र में शीर्ष स्तर पर पहुँचाया जा सके. इस अवसर पर उनके साथ समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध उनकी टीम ने भी पूर्ण समर्थन का संकल्प लिया है. उनकी कोर टीम में, कर्नल महेन्द्र मिश्रा, मुकेश साहू, रोटरी क्लब इंदौर चोइथराम के संस्थापक डॉ. तेजेश ए. मेहता, सरजीव पटेल एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदौर चोइथराम की अध्यक्ष रोटे. अनुजा ताऊसे, घनश्याम सिंह एवं कई और शामिल हैं, जो समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने हेतु संकल्पित हैं. उनके निर्विरोध निर्वाचन से पूरे रोटरी परिवार में हर्ष और उत्साह का वातावरण है.

### एनएसई के सालाना आंकड़े किए जारी

**इंदौर.** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने वर्ष 2025 के अपने सालाना आँकड़ें जारी किए हैं. 19 दिसंबर, 2025 तक के आँकड़े के मुताबिक, दुनिया में चल रही आर्थिक उठा-पटक के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में उत्कृष्ट मजबूती देखने को मिली. इक्विटी बाजार, पूँजी निर्माण और निवेशक की भागीदारी, तीनों ही मोर्चों पर बढ़त देखने को मिली. निफ्टी 50 इंडेक्स वर्ष 2025 में बढ़कर 23,645 से 25,966 पर पहुँच गया, यानि करीब 9.8 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई. एनएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल माकेट कैप 439 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 469 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो करीब 6.8 फीसदी की बढ़त दर्शाता है. वर्ष 2025 एनएसई के लिए एक और महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ. निवेशक की बढ़ती संख्या, मजबूत पूँजी निर्माण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ता कारोबार यह स्पष्ट करता है कि भारत के पूँजी बाजार पहले से ज्यादा मजबूत और भरोसेमंद हो रहे हैं. एनएसई आज देश की वित्तीय व्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ बनकर उभरा है.

### त्योहारों का जश्न, सेहतमंद अंदाज में

**इंदौर.** इस नए साल, अपने जश्न में गर्माहट और लाड़-प्यार का स्वाद जोड़ें डार्क चॉकलेट बादाम ऑरेंज केक के साथ, जिसमें बादाम का आटा, गहरी डार्क चॉकलेट, ताज़ा संतरे का ज़ेस्ट और मेपल सिरप शामिल हैं. शेफ कविता सिंह द्वारा ध्यानपूर्वक तैयार की गई यह रेसिपी त्योहारों के स्वाद और सोच-समझकर बेकिंग के बीच संतुलन बनाती है. घी और अंडे से बेक किया गया, और बादाम के आटे से बना यह केक, रिच चॉकलेट-सिट्रस फ्लेवर के साथ नरम और नमी वाला होता है. त्योहारों में खाने के विषय पर अपनी राय साझा करते हुए, मैक्स हेल्थकेयर की रीज़नल हेड, डायटेटिक्स रितिका समद्दार कहती हैं त्योहारों का खाना हमेशा अधिकता या समझौते का मतलब नहीं होता. कैलिफ़ोर्निया बादाम प्रोटीन, फाइबर, अच्छे वसा, विटामिन श्व और आवश्यक खनिजों का प्राकृतिक स्रोत हैं, जो इन्हें त्योहारों की रेसिपीज़ में शामिल करने के लिए समझदारी भरा विकल्प बनाते हैं. ये हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं, ऊर्जा बनाए रखते हैं और तृप्ति प्रदान करते हैं, जो विशेष रूप से छुट्टियों के मौसम में महत्वपूर्ण है, जब उत्सवों में अधिक इन्डल्जन्स होता है.

### क्विक कॉमर्स रोजाना की शॉपिंग आदत बनी

**इंदौर.** इस साल इंदौर की क्विक-कॉमर्स शॉपिंग की कहानी में बार-बार की खरीदारी और महत्वाकांक्षा दोनों का संगम था. भारत के प्रमुख क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने अपनी सालाना रिपोर्ट हाउ इंडिया इंस्टामार्टेड 2025 का पांचवां संस्करण जारी किया है. यह रिपोर्ट बताती है कि इंदौर के सबसे बड़े खरीदार ने इंस्टामार्ट पर पूरे साल में 6.4 लाख रुपये से अधिक खर्च किए. इंदौरियों ने केरल स्टाइल के केले के चिप्स सबसे अधिक बार ऑर्डर किए. वहीं महंगी खरीदारियों में प्रीमियम स्मार्टफोन से लेकर और बहुत कुछ है. इसी दौरान, इंदौर ने रोज़ाना की स्नैकिंग, फिटनेस-प्रेरित खरीदारी और तकनीकी अपग्रेड पर भी काफी जोर दिया गया, जो दिखाता है कि क्विक कॉमर्स अब कभी-कभार की जरूरत नहीं बल्कि रोज़ाना शॉपिंग की आदत बन गई है. स्विगी के चीफ बिज़नेस ऑफिसर हरि कुमार जी ने कहा भारत में क्विक कॉमर्स अब सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहा है. यह केवल एक सेवा नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है. जो सफर आखिरी वक्त की छोटी खरीदारी और इम्पल्स ऑर्डर्स से शुरू हुआ था, वह अब प्लान्ड खरीदारी और बड़े खर्चों तक पहुंच गया है—दैनिक ज़रूरतों से लेकर प्रीमियम ट्रीट्स तक.

# माहेश्वरी कॉलेज प्रबंधन ने प्राचार्य झालानी को किया निलंबित

▶ कॉलेज ट्रस्टियों को बनाया था बंधक, पुलिस ने बाहर करवाया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. माहेश्वरी कॉलेज प्रबंधन ने विवादित प्राचार्य को आखिरकार निलंबित कर दिया है. प्रबंधन ने प्राचार्य को कई नोटिस दिए, लेकिन नोटिस का जवाब नहीं दिया गया. इसके बाद प्रबंधन ने प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई कर दी.**



माहेश्वरी समाज ट्रस्ट द्वारा छत्रीबाग में आरपीएल माहेश्वरी कॉलेज संचालित किया जाता है. उक्त कॉलेज के प्राचार्य राजीव झालानी थे. प्राचार्य झालानी ने कॉलेज प्रबंधन की बैठक में सभी ट्रस्टियों को बंधक बना लिया था. इसके बाद कॉलेज प्रबंधन के रामअवतार जाजू ने कई बार प्राचार्य को नोटिस जारी किए.

सूत्रों के अनुसार नोटिस में ट्रस्ट प्रबंधन की बैठक में अभद्रता और अशोभनीय व्यवहार करने का उल्लेख किया गया है. साथ ही नोटिस में कॉलेज को अपनी निजी मलकियत के हिसाब से चलने की बात का बीज उल्लेख है. इसके लिए तीन दिन में नोटिस का जवाब मांगा था. कॉलेज प्रबंधन ने कई नोटिस दिए, लेकिन प्राचार्य झालानी ने हठधर्मिता के चलते को जवाब न दिया. इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने दो दिन पहले प्राचार्य राजीव झालानी को निलंबित करने का निर्णय लेकर बाहर का रास्ता दिखा दिया. कॉलेज प्रबंधन के अध्यक्ष पुरषोत्तम पसारी, भरत सारडा और राम अवतार जाजू को कई कॉल किए, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया. सूत्रों ने बताया कि पसारी शहर से बाहर है और 2 जनवरी के बाद लौटेंगे. जाजू ने फोन ऑटोमैटिक मैसेज पर डाल दिया है.

**विवाद के बीच माहेश्वरी स्कूल का वार्षिक उत्सव रद्द**- सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज माहेश्वरी स्कूल के तीनों सेक्शन का वार्षिक उत्सव मनाया जाने वाला था. कॉलेज में विवाद के बाद स्कूल का वार्षिक उत्सव एतिहात के लिए रद्द कर दिया है. इसके व्हाट्सएप और एसएमएस पर स्कूल प्रबंधन ने समाज और अभिभावकों को मैसेज भेजे हैं.

**छह माह से चल रहा है विवाद**

माहेश्वरी कॉलेज में प्रबंधन के खिलाफ पिछले छह माह से प्राचार्य झालानी किसी न किसी मामले को लेकर दबाव बना रहे थे. प्रबंधन के खिलाफ कभी स्टाफ, कभी स्टूडेंट तो कभी कर्मचारियों से अभद्रता करवाने से पीछे नहीं हट रहे थे. यहां तक कि बोर्ड बैठक में ट्रस्टियों को बाउंसरों से बंधक बनवा दिया. पुलिस को सूचना देने के बाद ट्रस्टी कॉलेज से बाहर निकल पाए थे.





# अग्रवाल सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने किए विभिन्न सेवा कार्य

**इंदौर.** पंचकुईया स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर पर श्री अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर के साथियों ने आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, राजेश बंसल पंप, किशोर गोयल, नारायण-नरेश अग्रवाल 420 पापड़ वाले एवं गोपाल अग्रवाल दया के आतिथ्य में गौसेवा, संत सेवा एवं बटुक ब्राह्मण सेवा की त्रिवेणी का आयोजन भी किया और वेदपाठी बटुकों को कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गर्म ऊनी वस्त्रों का वितरण एवं संत मंडली का सम्मान भी किया. इस अवसर पर नंदानगर अग्रवाल सांस्कृतिक मंच की ओर से अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अरुण गोयल, अश्विन गोयल, विनोद गोयल, शिवनारायण अग्रवाल एवं शरद अग्रवाल सहित सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया. संस्था के अध्यक्ष सोनू अग्रवाल ने मंच की गतिविधियों का ब्यौरा दिया. अतिथियों को स्मृति चिन्ह मनीष अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल एवं गोपाल अग्रवाल ने भेंट किए.

# वक्ता दशसहस्त्रेषु- डॉ. धनश्री लेले की दो दिवसीय व्याख्यानमाला सानंद फुलोरा में आज से

**इंदौर.** सानंद न्यास के अनुउपक्रम फुलोरा अंतर्गत आज से महाराष्ट्र की सुविख्यात विदुषी, डॉ. धनश्री लेले की दो दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह खंडवा रोड में किया जा रहा है.

व्याख्यान संत ज्ञानेश्वर द्वारा रचित ज्ञानेश्वरी ग्रंथ पर आधारित होंगे. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि डॉ. धनश्री लेले 27 दिसंबर को शाम 6.30 बजे 'ताटी उघडा ज्ञानेश्वरा' एवं 28 दिसंबर को शाम 5 बजे पसायदान विषय पर मराठी में व्याख्यान देंगी. कार्यक्रम सभी श्रोताओं के लिए निशुल्क एवं खुला रहेगा. महाराष्ट्र में विद्वान वक्ताओं की बड़ी श्रृंखला रही है आचार्य अत्रे, बाबा साहब पुंरदरे, राम



शेवाळकर, शिवाजीराव भोसले, विद्यावाचस्पती डॉ. शंकर अभ्यंकर, डॉ. विवेक घळसासी, प्रवीण दवणे. इसी कड़ी में अभी वर्तमान सोशल मीडिया से लेकर सभी माध्यमों पर डॉ. धनश्री लेले बहुचर्चित एवं लोकप्रिय नाम है. सानंद के मंच पर आपको सुनना इंदौर वासियों के लिए स्वर्णिम अवसर रहेगा.

## एक नजर में ▶ थांगत, चेराई जगोरी, बटरफ्लाई डांस हुए, उत्तर पूर्वी राज्यों के शिल्प को लेने की मची होड़

# मणिपुर के लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**इंदौर.** आज ईशान्य **सांस्कृतिक महोत्सव में खूबसूरत लोक नृत्यों का तालमेल देखने को मिला जिसमें खूबसूरत पारंपरिक परिधान पहने लोक कलाकारों की छठा देखने लायक थी, बड़े-बड़े ड्रम हाथ में लिए थाप लगाते नृत्य करते कलाकार बहुत ही सुंदर प्रतीत हो रहे थे.**



उक्त आयोजन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर एवं लोक संस्कृति मंच इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा है. आज भव्य मंच पर 3 घंटे तक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिसमें आठ राज्यों के कलाकार शामिल हुए. लोक संस्कृति मंच के दीपक लवंगड़े, सतीश शर्मा, संकल्प वर्मा एवं विशाल गिदवानी ने बताया कि तलवार से आक्रमण करते हुए एवं रक्षा करते हुए युद्ध लड़ना का स्किलफुल प्रदर्शन देखने को मिला. वही बटरफ्लाई डांस सांगरिन त्रिपुरा का डांस भी खूबसूरत था. नागालैंड का जान्टा भी प्रस्तुत हुआ. पिरामिड बनाना सर पर बोतल रखना हाथ में चकरी चलाना रक्षात्मक रूप से तलवार चलाना आक्रमण करना जैसे खूबसूरत नृत्य से सजा यह कार्यक्रम एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था. गारो जनजाति का नृत्य वांग्ला, जवान लड़कियां और लड़कों द्वारा भगवान का धन्यवाद व खुशी जाहिर करने के लिए किया गया खूबसूरत नृत्य था. यह आयोजन 27 दिसंबर तक चलेगा.

**▶ पौधों से बनने वाले उत्पाद भी...**

नागपुर मध्यवर्ती क्षेत्र की निदेशक आस्था कर्लेकर एवं लोक संस्कृति मंच के संयोजक एवं सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि आज शिल्प मेले में लोगों के बीच असम के बांस शिल्प, केन शिल्प मेघालय, मणिपुर के एंब्रॉयडरी युक्त कपड़े टोपिया स्टोल लेने की होड़ मची हुई थी. मणिपुर मेघालय असम मिजोरम क्षेत्र में होने वाले पौधों से बनने वाले कई उपयोगी उत्पाद यहां पर उपलब्ध है.